Chapter- 1

गिल्लू

WORKSHEET

बहुविकल्पीय प्रश्न – **(1 X 5 = 5)**

1. सोनजुही की पीली कली देखकर लेखिका को किसका स्मरण हो आया?

- गिल्लू का
- नीलकंठ का
- हंस का
- जूही की कली का

2. कौआ समादरित प्राणी क्यों है?

- वह काँव-काँव करता है
- वह बहुत दुष्ट है
- वह बहुत चालाक है
- वह प्रियजनों के आने का संदेश देता है

3. कौए को अनादरित प्राणी क्यों कहा जाता है?

- कौआ कुछ भी खा लेता है
- कौआ बच्चों को परेशान करता है
- कौए की काँव-काँव को अवमानना के अर्थ में प्रयुक्त किया जाता है
- कौआ अतिथियों को बुला लेता है

4. गिलहरी के घायल बच्चे का उपचार किस प्रकार किया गया?

- घायल बच्चे के घावों को रक्त से पोंछा गया
- घावों पर पेंसिलिन का मरहम लगाया गया
- फिर उसको अस्पताल ले जाया गया
- 'क' और 'ख' कथन सत्य हैं

5. लेखिका के अस्वस्थ होने पर गिल्लू क्या भूमिका निभा रहा था?

- परिचारिका की भूमिका
- चिकित्सक की भूमिका
- मित्र की भूमिका
- घर के सम्मानित सदस्य की\

लघुत्तरीय प्रश्न – **(2 X 5 = 10)**

प्रश्न 1. लेखिका को अकस्मात किस छोटे जीव का स्मरण हो आया और कैसे?
प्रश्न 2. कौए की काँव-काँव के बाद भी मनुष्य उसे कब आदर देता है और क्यों?
प्रश्न 3. कौए अपना सुलभ आहार कहाँ खोज रहे थे और कैसे?
प्रश्न 4. लेखिका की अनुपस्थिति में गिल्लू प्रकृति के सान्निध्य में अपना जीवन किस प्रकार बिताता था?
प्रश्न 5. गिल्लू का प्रिय खाद्य क्या था? इसे न पाने पर वह क्या करता था?

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न – **(1 X 5 = 5)**

प्रश्न 1 - पाठ के आधार पर कौए को एक साथ समादरित और अनादरित प्राणी क्यों कहा गया है?

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow